# 'बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण और हीटवेव से बचाव के बेहतर प्रबंधन करें'




संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने गुरूवार को एसडीएम राजकीय अस्पताल का मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी एवं अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष के साथ निरीक्षण किया।

- **संभागीय आयुक्त ने अस्पताल के आउटडोर, आपातकालीन और इनडोर वार्ड के साथ हीटवेव वार्ड का निरीक्षण किया**
- **अस्पताल में कम प्रसवों की संख्या पर चिंता जताई**

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने गुरूवार को एसडीएम राजकीय अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की आरएमआरएस बैठक ली और सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी एवं अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने अस्पताल के आउटडोर, आपातकालीन और इनडोर वार्ड के साथ हीटवेव वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया तथा साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण और हीटवेव के मद्देनजर और बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने जिला अस्पताल द्वारा दी जा रही विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। अस्पताल में किए जा रहे नवाचारों के बारे में बताया।

संभागीय आयुक्त ने कार्यों की प्रगति समीक्षा की। अस्पताल में एएनसी की तुलना में कम प्रसवों की संख्या पर चिंता जताई। प्रसव संख्या बढ़ाने तथा पीबीएम अस्पताल के प्रसव भार कम करने के लिए प्राचार्य को आवश्यक चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी, डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ. घनश्याम, डॉ. प्रवीण, लेखाकार दुष्यंत छींपा, पीडब्लयूडी से शैलेष पाठक, विनोद तंवर, आरएसआरडीसी से शिल्पा कछवाहा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित बैठक की पालना रिपोर्ट के साथ अस्पताल के सालाना आय-व्यय व प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें आरएमआरएस कार्मिकों का मानदेय श्रम विभाग की अधिसूचना के अनुसार देने, दानदाताओं के माध्यम से जिला अस्पताल में 60 लाख के विभिन्न सिविल व अन्य कार्यों के अनुमोदन, अस्पताल में भर्ती मरीजों को भोजन देने के लिए निविदा करने, वीडियो कांफ्रेंस रूम तैयार करवाने, अस्पताल में आईएचएमएस पोर्टल द्वारा मेडिकल रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और भीड़भाड़ को नियंत्रित करने हेतु क्यू मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आवश्यक कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और बजट घोषणा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

संभागीय आयुक्त ने जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट पुन: चालू करने के लिए, इसके प्रदेश नोडल अधिकारी डॉ.सुनील सिंह से दूरभाष पर बात करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। डायलिसिस यूनिट के अनुबंध को सिंगल यूज डायलाइजर हेतु समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रदेश स्तर पर अनुबंध मे समीक्षा व निर्णय होने तक बजट घोषणा के अनुरूप 10 बैड की डायलिसिस यूनिट चालू करने हेतु स्थानीय स्तर पर अल्पकालिक अनुबंध का निर्णय लिया गया। जिला अस्पताल में जिला उद्योग संघ द्वारा 20 लाख की लागत से नये गायनी ओपीडी निर्माण, श्यामसुंदर सोनी द्वारा 20 लाख की लागत से एक्सरे हॉल व रोटरी रॉयल्स क्लब द्वारा करीब 15 लाख की लागत से अस्पताल में स्वागत कक्ष के नवीनीकरण व सौन्दर्यीकरण के साथ साथ पार्क का विकास करवाया जायेगा।

गौरीशंकर व्यास द्वारा 5 लाख की लागत से अस्पताल परिसर मे भर्ती मरीजों के रिश्तेदारों के बैठने हेतु प्रतीक्षालय और जल मंदिर का निर्माण करवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न दानदाताओं के माध्यम से अस्पताल प्रशासन को 100 नए गद्दे उपलब्ध करवाए जायेंगे।

## विद्युत निगम अधिकारियों को एक घंटे तक बंधक बनाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। रायसिंहनगर में विद्युत निगम की ओर से गांव 82 आरबी के लिए डाली जा रही विद्युत लाइन को गांव लिखमेवाला के ग्रामीणों के अपने खेतों से गुजरने से रोक दिए जाने के कारण उपजे विवाद में उस समय नया मोड़ आ गया। जब ग्रामीणों ने अपने खेतों से गुजर रही लूणेवाला जीएसएस लाइन को जाने वाली विद्युत लाइन को बंद कर दिया तथा समझाइश करने गए विद्युत निगम के अधिकारियों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाए रखा।

गौरतलब है कि जुलाई 2024 को ग्रामीणों की ओर से विभिन्न समस्याओं को लेकर मिनी सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान की मांग की गई थी। 26 जुलाई उपखण्ड अधिकारी सुभाष चन्द्र चौधरी की मौजूदगी में विद्युत निगम के अधिशाषी अभियंता व सहायक अभियंता के साथ एक लिखित समझौता हुआ था। जिसमें विद्युत लाइन को लिखमेवाला से लूणेवाला की तरफ एक मुरब्बा पहले जोड़ना तय हुआ। लेकिन प्रशासन को बार बार अवगत करवाने के बावजूद लिखित समझौते पर कोई कार्रवाई नहीं की। जिसको लेकर पांच दिन पूर्व ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने बताया कि अगर गांव लिखमेवाला के ग्रामीण अपने खेतों से 82 आरबी के लिए विद्युत लाइन बिछाने का विरोध कर रहे है।

## सार-समाचार


### 22 गांवों के लिए दिए ई-टिपर रवाना



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गांवों के लिए ई-टिपर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**बीकानेर,** (कासं)। एनएलसी इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएसआर 2025-26 के तहत जिले के 22 गावों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत कचरा एकत्रीकरण के लिए 22 ई-टिपर प्रदान किए। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को ई-टिपर को हरी झंडी दिखाकर जिला परिषद से रवाना किया। इस दौरान इन ई-टिपर की चाबी सरपंचों एवं ग्राम सेवकों को सौंपी गई। एनएलसी इंडिया लिमिटेड द्वारा लगभग 1 करोड़ 25 लाख राशि की लागत से यह ई-टिपर उपलब्ध करवाए गए हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि गांव का वातावरण स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने में यह ई-टिपर उपयोगी साबित होंगे। इन वाहनों का बेहतर संचालन किया जाए। उन्होंने एनएलसी इंडिया लिमिटेड का स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि ई-टिपर डाण्डूसर, बम्बलू, गुसांईसर, लाखूसर, कतरियासर, रिडमलसर पुरोहितान, नौरंगदेसर, गाढ़वाला, किलचू देवड़ान, हेमेरा, कल्याणसर अगुणा, कानासर, जामसर, कावनी, नालबड़ी, उदासर, रूणिया बड़ाबास, केसरदेसर जाटान, कालासर, मालासर, रामसर एवं बेलासर शेयर कुल 22 गांवों में स्वच्छता कार्य में सहयोग करेंगे। एनएलसी परियोजना प्रमुख एस. विजय कुमार ने बताया कि एनएलसी द्वारा पूर्व में मार्च 2024 में सीएसआर के तहत 20 ई-टिपर भेंट किए गए थे। आगे भी सामाजिक सरोकारों के विभिन्न कार्यों में सहयोग किया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, प्रशिक्षु आईएएस स्वाति शर्मा, बीकानेर प्रधान राजकुमार कस्वां आदि मौजूद थे।

### योगाभ्यास से आरोग्यता का संदेश



धरणीधर मंदिर में आयोजित हरित योग कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों ने हिस्सा लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में 10 सिग्नेचर इवेंट के तहत हरित योग कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को हुआ। सुबह 6.30 बजे से धरणीधर मंदिर में आयोजित हुए कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों ने हिस्सा लिया। आयोजन प्रभारी योग प्रशिक्षक भुवनेश पुरोहित ने बताया कि केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय तथा संस्कृति विकास फाउंडेशन एवं प्रवीर योगासना स्पोर्ट्स अकादमी एवं ध्यान केन्द्र एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय योग विभाग के विद्यार्थी, क्रीड़ा भारती, प्रवीर योगासन अकादमी, एकलव्य तीरंदाजी संस्थान, उदय क्लब बच्ची क्लब, एल एम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, धरणीधर क्लब, लाली बाई पार्क समिति के सैकड़ों योग साधकों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी लोगों को योग के अलग-अलग आसनों का अभ्यास करवाया गया। इसके तहत कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास डॉ संतोष सेशमा ने सूक्ष्म क्रियाएं, यशोवर्धिनी पुरोहित ने खड़े होकर करने वाले आसन, सपना बेरवाल ने उदर के बल लेटकर, प्रियंका रघुवंशी ने कमर के बल लेटकर, शुभम स्वामी ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इस दौरान मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग अतिरिक्त निदेशक डॉ. घनश्याम रामावत, विशिष्ट अतिथि अनिल बोड़ा, दुर्गाशंकर व्यास, जे.पी. व्यास, रामेन्द्र हर्ष, गजेन्द्र सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटी, डॉ. इरशाद रफीक ने पौधारोपण किया। इस दौरान अतिथियों की ओर से हरित योग का महत्व तथा योग जीवन में किस तरह आवश्यक है को लेकर विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही रोजाना समय निकालकर योग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। आयोजन के सह प्रभारी हितेन्द्र मारू ने सभी आगंतुकों को तुलसी का पौधा देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ. अमित पुरोहित ने किया।

### 15 तक लेंगे सीमा ज्ञान के आवेदन

**नोखा,** (कासं)। उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ एवं तहसीलदार चंद्रशेखर टांक की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय नोखा में राजस्व विभाग की बैठक हुई। बैठक में समस्त गिरदावर एवं पटवारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य रास्ता खोलो अभियान एवं सीमाज्ञान कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना था। इसके अतिरिक्त नामांतरण, कुर्की, राजस्व वसूली, धारा 91 एवं 90 ए के तहत लंबित प्रकरणों, अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। उपखंड अधिकारी जांगिड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में रास्ता खोलो अभियान सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। बंद रास्तों को खुलवाना एवं प्रचलित रास्तों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। सीमाज्ञान को लेकर अधिकारियों ने जानकारी दी कि 15 जून तक सीमाज्ञान के आवेदन स्वीकार किए जायेंगे, जिसके बाद फसल बुवाई के चलते सीमाज्ञान कार्य संभव नहीं होगा। तहसीलदार चंद्रशेखर टांक के नेतृत्व में ग्राम सलूंडिया में रास्ता खोला गया। इस अभियान के तहत रामूराम बिश्नोई के खेत तक पहुंचने के लिए लम्बे समय से बंद रास्ते को पुलिस जाप्ता की सहायता से खुलवाया गया। कार्रवाई में भू-अभिलेख निरीक्षक सुमन कुमावत, हल्का पटवारी राकेश कुमावत, हैड कांस्टेबल तुलसीराम सहित पुलिस जाप्ता और स्थानीय काश्तकार उपस्थित थे। भू-अभिलेखों का सत्यापन कर रास्ता अवरोधमुक्त किया गया।

### कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। गोपेश्वर बस्ती स्थित भादाणी तलाई में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। नंद उत्सव में महिलाएं पीली साड़ी पहन कर पहुंची। कथावाचक पं. विजय शंकर चूरा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव कथा का वर्णन किया। कथा में महिलाएं भजनों पर झूमती नजर आई। महिलाओं ने थाली बजाकर नृत्य कर बधाई दी।

# बी.डी.ए. ने चकगर्बी में 25 अवैध मकान तोड़े, रसूख वालों के छोड़े

- **छोड़े गए मकानों में कुछ पुलिसकर्मियों के बताए जा रहे हैं तो कुछ नेताओं के रिश्तेदारों के हैं**
- **छोड़े गया एक मकान बीकानेर के भाजपा नेता का रिश्तेदार का है और दो मकान पुलिसकर्मियों के बताये जा रहे हैं**

**बीकानेर,** (कासं)। चकगर्बी में बीकानेर विकास प्राधिकरण अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। बीडीए ने 25 से ज्यादा मकान अलसुबह तोड़ दिए मगर तोड़े गए मकानों के बीच 5 मकान छोड़ दिए। छोड़े गए मकानों में कुछ पुलिसकर्मियों बताए जा रहे हैं तो कुछ नेताओं के रिश्तेदारों के हैं। क्योंकि मकान टूटने के बाद कुछ लोगों ने बीडीए में लिखित शिकायत की है कि सिफारिश वालों के मकान छोड़ दिए गए।

दरअसल कई दिनों से बीडीए चकगर्बी में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हटाने के साथ ही अपने स्वामित्व का बोर्ड भी लगाती जा रही है। अलसुबह जब लोग सो रहे थे तो चकगर्बी में जेसीबी और बुल्डोजर से मकान धड़ाधड़ गिराए जाने लगे। कुछ लोगों को पता लगा तो कुछ को नहीं लग पाया। 7 बजे लोगों ने देखा तो दो से तीन दर्जन मकान गिराए जा चुके थे मगर इनके बीच ही 5 मकानों को कुछ नहीं हुआ।

जिन कमियों के कारण दो दर्जन से ज्यादा मकान गिराए गए वही कमियां होने पर भी कुछ खास लोगों के मकान छोड़ दिए गए। बाद में कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि छोड़े गया एक मकान बीकानेर के मजबूत नेता के रिश्तेदार का है। दो मकान पुलिसकर्मियों के हैं। बाद में सभी मोहल्लेवासी लिखित शिकायत लेकर बीडीए के पास पहुंचे कि जब मेरे मकान तोड़े गए तो पांच मकान क्यों छोड़ा गया। पीड़ित मदन बारूपाल का कहना है कि इस हिसाब से गरीब की कोई सुनवाई नहीं हो रही।

बीडीए जब कार्रवाई कर रहा था उस वक्त कुछ लोग बीडीए की टीम से उलझने लगे। कुछ लोग एक जुट होकर आ गए। पत्थरबाजी जैसे हालात बनने लगे। बीडीए ने और फोर्स को बुलाया और समझाइश भी की। तब जाकर मामला शांत हुआ। छोड़े गए मकानों के पीछे बीडीए का तर्क है कि हमने किसी को बेघर नहीं किया। उन्हीं मकानों को छोड़ा गया जिनमें कोई रह रहा है। उसे पहले नोटिस देंगे फिर तोड़ेंगे लेकिन अवैध निर्माण टूटेगा जरूर। अभी नहीं तो 7 दिन बाद मगर कोई कब्जाधारी नहीं बचेगा।

## पर्वतारोही रीता गोम्बू मरवाह के निधन पर शोक

**बीकानेर,** (कासं)। नेशनल एडवेंचर फाउण्डेशन व दी पायोनियर्स एडवेंचर सोसायटी के पदाधिकरी व सदस्यों सहित हिमालय परिवार के सदस्यों ने रीता गोम्बू मरवाह के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

संस्थान सचिव आर. के. शर्मा ने बताया कि एवरेस्ट अभियान 1984 के दल की सदस्या रही रीता गोम्बू मरवाह मौसम खराब होने के कारण केवल 200 मीटर की दूरी से मा. एवरेस्ट का शिखर आरोहण नहीं कर सकी लेकिन बछेन्द्री पाल के शिखर आरोहण के जश्न में वे हमेशा शामिल रही। विश्व के पहले एवरेस्ट पर्वतारोहियों में शामिल शेरपा तेनजिंग नोर्गे की पौत्री व दो बार के एवरेस्ट आरोहक नवाब गोम्बू की पुत्री रीता गोम्बू मरवाह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। डॉ. सुषमा बिस्सा ने गोम्बू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय पर्वतारोहण संस्थान व अन्य साहसी अभियानों के दौरान अनेक बार रीता गोम्बू से भेंट होती रही है।

# मानसून से पहले 5 करोड़ के कामों के टेंडर

- **सवाल ये है कि 15 दिन बाद मानसून की एंट्री होगी और ऐसे में अगर जो नई सड़कें बनेंगी तो क्या वो मानसून में टिक पायेगी**

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम ने बीकानेर मानसून से पहले सड़क, नाली, पंपिंग स्टेशन समेत तमाम कामों के लिए हाल ही में तकरीबन 5 करोड़ के काम के टेंडर किए हैं। कुछ कामों के वर्कआर्डर जारी हो गए तो तो कुछ के होने वाले हैं।

सवाल ये है कि 15 दिन बाद मानसून की एंट्री होगी और ऐसे में अगर जो नई सड़कें बनेंगी तो क्या वो मानसून में टिक पायेगी। क्या इन कामों का टेंडर 3 महीने पहले नहीं हो सकता था। अगर होते तो अब तक काम पूरे हो गए होते और लोगों को मानसून में उसका फायदा मिलता।

लोगों को निगम के काम कराने पर ऐतराज नहीं है। ऐतराज टाइमिंग पर है। पूरे साल सड़कें टूटी रही। पिछले मानसून सीजन में जो सड़कें टूटी थी वो अब भी टूटी हुई हैं। पूरे साल इनको ठीक नहीं कराया गया। अब कुछ काम मंजूर हुए हैं वो भी तब जब मानसून की एंट्री कभी भी हो सकती है। पिछले मानसून से ठीक पहले निगम के बगले से पुरानी गिन्नाणी के माताजी मंदिर की ओर सड़क बनाई गई थी। सड़क मानसून सीजन में ही टूट गई। एक साल से पूरी सड़क पर गड्ढे हैं। लाइबिलिटी में होने के बाद भी वो सड़क पूरे साल ठीक नहीं हुई। कलेक्टर बार-बार विभागों को सचेत करती रही मगर इंजीनियर्स और ठेकेदारों की मिलीभगत का नतीजा आमजन भुगत रहा है।

इस बार निगम मानसून से पहले सड़कें बनाने के लिए वर्क आर्डर कर रहा है। इसलिए लोग सवाल उठा रहे हैं कि या तो इनको 3 महीने पहले बनाना चाहिए था या अब मानसून तक और रूक जाएं।

# कार्रवाई नहीं होने से युवक टंकी पर चढ़ा

- **ट्रैक्टर चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर युवक पानी की टंकी पर चढ़ा**

**अनूपगढ़,** (कासं)। एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में कार्रवाई की मांग की। यह दूसरी बार है जब वह पानी की टंकी पर चढ़ा है।

राहु पीर फाटक निवासी संदीप सिंह (21) गुरूवार दोपहर करीब 12 बजे नगर पालिका और पुलिस थाने के बीच स्थित वाटर वर्क्स के ओवर हैड टैंक पर चढ़ गया। संदीप ने 9 जनवरी को पुलिस थाने में ट्रैक्टर चोरी का मामला दर्ज करवाया था। उसका आरोप है कि पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। यह दूसरी बार है जब वह इसी मांग को लेकर टंकी पर चढ़ा है। इससे पहले 23 अप्रैल को भी वह टंकी पर चढ़ा था।

मामले के अनुसार संदीप ने 16 सितंबर 2024 को राकेश कुमार मेघवाल, रोहित ग्रोवर, हरविंदर सिंह, बाबा अमरजीत सिंह, चरणजीत सिंह और रजाक खान को ट्रैक्टर किराए पर दिया था। एक महीने बाद भी आरोपियों ने ट्रैक्टर वापस नहीं किया और लौटाने से इनकार कर दिया। मौके पर संदीप के परिजन भी मौजूद हैं जो उसे टंकी से उतरने नहीं दे रहे हैं। संदीप पुलिस की गाड़ी को आग लगाने की धमकी दे रहा है।

## गंदे पानी आपूर्ति की पीड़ा बताई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। रायसिंहनगर पंचायत समिति रायसिंहनगर के बीडीओ हाल में संपन्न जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर परिवादी पहुंचे और ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपनी पीड़ा उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र चौधरी के समक्ष रखी।

वार्ड 25 के निवासियों ने भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष कालू थोरी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पिछले तीन महीनों से उनके घरों में नालियों जैसा प्रदूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। इससे डेंगू, पीलिया और अन्य गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों ने यह भी बताया कि जलदाय विभाग को कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# बीकानेर के इंडस्ट्रियल एरिया में पाइपलाइन से पहुंचेगी गैस

- **उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने यह जानकारी समीक्षा बैठक में दी**

**बीकानेर,**(कासं)। यहां इंडस्ट्रियल यूनिट्स को शीघ्र ही गैस पाइपलाइन से मिलेगी। बीकानेर को सिरेमिक हब के रूप में भी तैयार किया जायेगा। यह जानकारी उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने दी।

उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया तक गैस पाइपलाइन पहुंचाने और सिरेमिक हब के संबंध में तैयारियां चल रही है। राठौड़ सर्किट हाउस में उद्योग सहित अनेक विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि रीको के पास फंड की कोई कमी नहीं है। यहां से प्रस्ताव बनाकर भेंजे, फंड उपलब्ध करवा दिया जायेगा। इंडस्ट्री का पैसा इंडस्ट्री में लगे। बीकानेर में इंडस्ट्री, पर्यटन, आमजन का जन जीवन सुधारने आदि को लेकर जो कार्य कई सालों से नहीं हुआ वो अब होगा। राज्यवर्द्धन सिंह ने मीडिया से भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में 11 का अंक शुभ माना जाता है। पीएम नरेन्द्र मोदी को 11 साल देश का नेतृत्व करते हो गए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में हुए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि देश को संपन्न राष्ट्र की ओर ले जाने की दिशा में काम हो रहा है।

उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने करणी इंडस्ट्री इलाके में गंदे पानी की समस्या को लेकर सीईटीपी निर्माण को लेकर पूरा एसेसमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्किल डवलपमेंट को लेकर शहर की वूलन, कारपेट, सोलर इंडस्ट्री समेत विभिन्न इंडस्ट्री के साथ एमओयू करें। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। कहीं सड़क खोदी जा रही है तो वहां सीवरेज के अन्य विभागों के कार्य भी साथ- साथ हों, जिससे आगामी 10 साल तक उस सड़क को फिर से ना खोदना पड़े। उद्योग मंत्री ने बारिश से पहले टूटी सड़कों को ठीक करने को कहा।

# कलेक्टर ने उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पूगल ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

- **करणीसर भाटियान में 300 केवी के सोलर प्लांट का निरीक्षण किया**

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरूवार को पूगल ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में भागीदारी निभाई। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, सीमाज्ञान सहित विभिन्न प्रकरण रखे।

जिला कलेक्टर ने इनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रतिमाह ग्राम पंचायत, उपखण्ड और जिला स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई के बारे में बताया और कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा की जाती है। इसके मद्देनजर प्रत्येक स्तर पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, पुलिस थाना और पंचायत समिति कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। कार्यालयों में पत्रावलियों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यालयों में साफ-सफाई रखने, पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रखने तथा स्थानीय स्तर के कार्यों को समयबद्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्मिक, दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता रखें।

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें। उन्होंने वंदे गंगा, जल सरंक्षण जन अभियान की जानकारी दी और कहा कि अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के प्रयास हो। ग्रामीणों को जल के महत्व एवं इसके सुदपयोग के बारे में बताएं। उन्होंने पूगल में बने नए पंचायत समिति भवन का अवलोकन भी किया। करणीसर भाटियान में टाटा पावर द्वारा स्थापित 300 केवी के सोलर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बीकानेर में सोलर के क्षेत्र की अपार संभावनाएं है।

## गौवंश को 15 क्विंटल तरबूज खिलाया

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीगंगा जुबली पिंजरा प्रोल गौशाला में बालसंत छैल विहारी और गोसेवी देवकिशन चांडक के संयोजन में 1 हजार से अधिक गोमाता, नंदी, बछड़ों की सेवा की जा रही है। बुधवार को 108 सुसज्जित थालियों द्वारा 108 महा गो आरती के साथ 14 क्विंटल गुड मिश्रित शरबत लापसी का प्रसाद चढ़ाया। जयमलसर गौशाला में 15 क्विंटल तरबूज के फलों द्वारा की महागोप्रसादी रखी गई।

गंगा जुबली पिंजरा पिंजराप्रोल गौशाला पूगल फांटा, सरेह बोरला जयमलसर गौशाला और लक्ष्मीनाथ मन्दिर स्थित श्रीगंगा जुबली पिंजरा प्रोल गौशाला में तीन हजार गोवंश की सेवा-पूजन का कार्य ज्येष्ठ पूर्णिमा से शुभारंभ हुआ। महाराज ने बताया कि बीठनोक निवासी नंदकिशोर चांडक, गोविंदराम चांडक परिवार ने श्रीगंगा जुबली पिंजरा गो सम्मान महोत्सव में 14 क्विंटल गुड़ मिश्रित शरबत लापसी की प्रसादी की सेवा की।

कार्यालय पंचायत समिति, नोखा(बीकानेर)

क्रमांक:-ई-निविदा/2025-26/3563-67 दिनांक:-10.6.2025

(ई-निविदा सूचना02/2025-26

पंचायत समिति नोखा में कम्प्यूटर ऑपरेटर, मय मशीन उपलब्ध करवाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26के लिए विभिन्न सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य एवं निविदा संबंधी विस्तृत विवरण कार्यालय पंचायत समिति नोखा एवं निम्नलिखित विभागीय वेबसाइट sppp.rajasthan.gov. in पर देखा जा सकता है।

UBN.:-PCP252655OBOOO54

भोमसिंह इंदा
खण्ड विकास अधिकारी
पंचायत समिति, नोखा